# रिकार्ड समय में बना संयंत्र :धीरज हिंदुजा

लखनऊ, विशेष संवाददाता। लखनऊ में अशोक लेलैंड के नवीन विनिर्माण संयंत्र के उद्‌घाटन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बदल रहे यूपी की प्रशंसा हुई। अशोक लेलैंड के चेयरमैन धीरज हिंदुजा ने कहा कि योगी सरकार के सहयोग व प्रशासनिक तत्परता के कारण रिकार्ड समय में यह संयंत्र तैयार किया जाना संभव हो सका।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में यह कंपनी का पहला विनिर्माण संयंत्र है। कहा कि राज्य सरकार ने औद्योगिक विकास व निवेश के लिए प्रदेश में एक सुदृढ़ व भरोसेमंद तंत्र तैयार किया गया है। आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, मजबूत कनेक्टिविटी, प्रभावी कानून-व्यवस्था व जवाबदेह प्रशासन बदले यूपी की पहचान बना है।